# जहरीले जीव जतुंओं का ठिकाना बना अस्पताल

**खास बातें**

- अव्यवस्थाओं का ताज पहने राजीव गांधी चिकित्सालय
- पुताई का आता बजट, अधिकारी कर जाते हजम



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 9 दिसम्बर, राजीव गांधी जन चिकित्सालय का भवन जर्जर हालत में हैं.गंदगी के अंबार लगा हुआ है.घास फूस में जहरीले जीव जंतुओं का बसेरा रहता है. हालत क्या है कि यह जर्जर भवन स्वयं बयां कर रहा है. यह भवन इन दिनों अनेक समस्याओं से जूझ रहा है.प्रांगण में कबाड़खाना बना हुआ है.जहां बरसों से सफाई नहीं हुई है.**

टूटी फूटी सामग्री कमरों में तथा प्रांगण में बैगोर पड़ी हुई है.इस कबाड़े को नीलम कर देना चाहिए. ताकि यह प्रांगण साफ सुथरा दिखाई दे और इसका प्रयोग हो सके.अस्पताल के अंदर धूल और गंदगी के कारण मरीजों को भी परेशानी होती है. धूल गंदगी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो रही है.

### शिकायतों के बाद भी नहीं होती कार्रवाई

जिले में बैठे अधिकारी कभी जानकारी नहीं लेते.निरीक्षण टीम भी आती है भोपाल से वह भी भी खानापूर्ति करके चली जाती है.ऐसा प्रतीत होता है कि यह सारा खेल मिली भगत का चल रहा है.जन चिकित्सालय की शिकायत

### ड्यूटी कर चलते बनते डॉक्टर

डॉक्टर ड्यूटी करते हैं और चलते बनते हैं.उन्हें अस्पताल की व्यवस्था से कोई लेना देना नहीं रहता.पुराने प्रांगण में ट्रैक्टर ट्राली वाहन खड़े करने लगे हैं. लोग पुराना प्रांगण कचरा घर बन गया है.कोई देख रेख नहीं होती.जबकि जन चिकित्सालय के कुछ कर्मचारियों ने अपना नाम न बताने की शर्त पर कहा कि प्रतिवर्ष पुताई रंगाई सफाई के नाम पर राशि ऊपर से आती है.यह राशि कागज पत्रक में खानापूर्ति कर ली जाती है आगे पुताई हो जाती है.पीछे की हालत क्या है.यह मौके पर देखा जा सकता है.

में भी होती हैं. परंतु उन पर कार्रवाई नहीं होती चिकित्सालय में डॉक्टरों की कमी है. स्टाफ भी कम है.यहां की जनता भी आवाज नहीं उठाती बड़े नेता आते हैं तो सभी जयकारा लगाते हैं.इन मुद्दों पर कोई नहीं बोलता और ना अस्पताल की समस्याओं को लेकर नागरिक विरोध नहीं करते चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टरों ने अपने निवासों पर लघु चिकित्सालय खोल रखे हैं.जहां मरीजों आने हेतु कहा जाता है.यह सब जानकारी ऊपर बैठे अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों को है परंतु सुधार की दिशा में कुछ नहीं किया जा रहा है. चिकित्सालय का गंदा पानी तथा अन्य गंदगी पाराशरी नदी में छोड़ी जा रही है. इससे पाराशरी नदी का कीचड़ युक्त पानी जहरीला हो गया है.अगर जानवर पशु पियेंगे तो उनकी मौत निश्चित है. इस नदी में जहरीले जीव जंतु सड़े गले पड़े रहते हैं.बदबू आती रहती है इसके बाद भी कोई विरोध करने आगे नहीं आता यह दुर्भाग्यपूर्ण है.गजब की सहनशक्ति है नागरिकों में सब कुछ देखकर भी चुप है लोग.

# स्वच्छता की डींगे मारने वाले विभाग खुद लगा रहे अभियान को पलीता

**नवभारत न्यूज**

**सांची 9 दिसम्बर,वैसे तो प्रधानमंत्री का स्वच्छता अभियान की बातें सरकारी विभागों में बडे जोर शोर से जागरूक अभियान चलाया जाता है.परन्तु विभाग अपने परिसर को ही गंदगी की चपेट में जकडे हुए हैं तब यह अभियान मात्र फोटो तक ही सिमट कर रह जाते है तथा स्वच्छता के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की भेंट चढा देते हैं.**

जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को बडे जोर शोर से चलाया जाता हैं तथा इस अभियान के नाम पर लाखों करोड़ों रुपए की भेंट चढ़ जाती हैं परन्तु सरकारी विभाग स्वयं इस अभियान के प्रति जागरूक नहीं हो सके तब अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन विभागों के अंतर्गत स्वच्छता अभियान कहां तक सफल हो रहा होगा.ऐसा ही मामला नगर के जनपद पंचायत कार्यालय का बना हुआ है.इस जनपद पंचायत अंतर्गत 83 ग्राम पंचायत आती हैं तथा यह जनपद पंचायत इन पंचायतों में




कैसे स्वच्छता अभियान चला पा रही होगी.इस जनपद पंचायत परिसर में गंदगी ने पांव पसार लिए हैं.जबकि इस परिसर में हर दूसरे दिन सरपंच सचिवों की बैठक आयोजित की जाती रहती हैं तब परिसर की गंदगी कहीं न कहीं विपरीत संदेश पंचायतों में पहुचाने मे सफल हो रही होगी.इस कार्यालय के कर्ताधर्ता अपने कार्यालय के अनुपयोगी कागजों का ढेर लगाकर भूल जाते है जिससे यह कागज एव पौलिथिन इस परिसर में ही विचरण करने वाले पशुओं का आहार बन जाते है.जिससे पशुओं का जीवन भी खतरे में पड जाता हैं.वैसे भी यह परिसर आवारा पशुओं की सुरक्षा गाह रहने से पशु खुले आम विचरण करते दिखाई दे जाते है तथा परिसर का वातावरण भी प्रदूषण से अछूता नहीं रहता.हालांकि कभी कभी जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेते दिखाई देते है तब आसानी से जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों से मुंह मोडकर लापरवाह बने रहते है तब आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि 83 ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान का संदेश देने वाले दफ्तर स्वयं अपने आप मे गंदगी समेट हुए हैं तथा यह अधिकारी एवं दफ्तर कैसे अपने अधीन पंचायतों को स्वच्छता का जामा पहनाने मे सफल हो रहे होगें तब यह जिम्मेदार सरकार की स्वच्छता अभियान के नाम पर मिलने वाली लाखों की राशि को कैसे पलीता लगा रहे होगें सवाल खड़े हो रहे है.

### करा दी जायेगी सफाई-सीईओ

इस मामले में जनपद पंचायत सीईओ शंकर पांसे का कहना है कि सफाई की गई होगी.उससे कचरा इकट्ठा किया होगा. मैं दिखवा लेता हूँ सफाई करवा दी जायेगी.

### भक्तामर गायन में प्रथम पुरस्कार



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** राज्य स्तरीय भक्तामर गायन प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार विदिशा आदिनाथ मंडल ने हासिल किया है. भोपाल में आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न शहरों से आमंत्रित भजन मंडलियों ने हिस्सा लिया है. विदिशा मंडल का नेतृत्व अभिषेक जैन ने किया, सहयोगी कलाकार अशोक जैन बुर्रो एंव पीयूष मित्रा शामिल रहे.आदिनाथ भक्तामर मंडल नियमित भक्तामर पाठ विगत तीन वर्षों से मंदिरों में कर रहा है.




# सेंट मेरीज पीजी कॉलेज में कला विभाग का पीपीटी प्रस्तुति का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

विदिशा, सेंट मेरीज़ पी.जी. कॉलेज के कला विभाग ने एक प्रभावशाली पीपीटी प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन संस्था संचालक फादर सिंटो, डीन फादर डा. जॉबी एवं विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष शाह के मार्गदर्शन और संरक्षण में संपन्न हुआ.कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापकों—प्रो. विपुल जैन, प्रो. अरविंद द्विवेदी, प्रो. नारायण अहिरवार, प्रो. ममता कौशिक तथा प्रो. रश्मि श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया. विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर सुसंगठित एवं रचनात्मक प्रस्तुतियाँ दीं. जिनमें सामाजिक, साहित्यिक तथा समकालीन मुद्दों पर आधारित आकर्षक स्लाइड्स विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं.इस अवसर पर छात्रों ने तकनीकी कौशल, शोध दृष्टि और अभिव्यक्ति क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया.संस्था के संचालक फादर सिंटो ने छात्रों को भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही साथ डीन फादर डॉ. जॉबी ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में नवाचार और प्रस्तुति कौशल को बढ़ावा देते हैं.कला विभाग द्वारा आयोजित यह पहल छात्रों के लिए एक प्रेरणादायी मंच साबित हुई.

### भागवत कथा के तीसरे दिन हुआ शिव पार्वती विवाह

**नवभारत न्यूज**

**शमशाबाद,** संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन झंडा उत्सव समिति द्वारा किया जा रहा है.भागवत कथा में आज कथा के तीसरे दिन शिव पार्वती का विवाह भगवान शिव शंकर पार्वती के साथ संपन्न हुआ. भगवान शिव बारात लेकर कथा स्थल पर पहुंचे.जहां पर कथा व्यास पं. राजकुमार पाठक द्वारा भगवान शिव शंकर पार्वती का विवाह संपन्न कराया गया. जिसमें मंदिर पुजारी वरुण शर्मा एवं सभी भक्तो ने बड़े उत्साह के साथ फूलों की वर्षा करते हुए बारात में शमिल हुऐ विवाह संपन्न होने के बाद सभी भक्तों द्वारा भगवान शिव शंकर पार्वती से आशीर्वाद लिया. कथावाचक पं. राज कुमार पाठक द्वारा कथा सुनाते हुए बताया गया कि मानव जीवन में यदि भक्ति नहीं की गई तो वह मानव जीवन सफल नहीं माना जाता.आज कलयुग में श्री रामयुग भगवान की भक्ति ही सर्वोपरि है व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त करना है तो भागवत कथा का जरूर श्रवण करें.

# जनसुनवाई में यात्री बसों के मनमाना किराया वसूली की शिकायत




**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, स्थानीय तहसील कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में मंगलवार को नागरिकों ने सिरोंज तहसील क्षेत्र में यात्री बसों में यात्रियों की सुरक्षा एवं बसों में मनमाना किराया वसूली की शिकायत की गई. कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला विदिशा के मोहन सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में जनसुनवाई में अनुविभागीय अधिकारी के नाम दिये गये आवेदन में बताया गया कि सिरोंज तहसील क्षेत्र में यात्री बसों में यात्रियों की सुरक्षा से समझौता एवं मनमाना किराया वसूली की घटनाएं लगातार सामने आ रही है. इस कारण जनहित के मद्देनजर सतत जांच एवं औचक निरीक्षण की मांग की गई.**

इस मौके पर उन्होंने कहा कि सिरोंज में प्रवेश करने वाली प्रत्येक बस में यात्री सुरक्षा संबंधी मापदंडों का पालन कराने की मांग करते हुए बसों में मुख्य रूप से इमरजेंसी गेट, आग बुझाने के उपकरण आदि प्रमुखता से पालन कराने, यात्री बसों में जानवरों को यात्रियों के साथ बैठाकर ले जाने पर तत्काल रोक लगाये जाने, ग्रामीण रोड पर क्षमता से ज्यादा यात्रियों के बैठने एवं मनमाना किराया वसूलने पर कार्रवाई की जाने तथा तहसीलदार की अगुवाई में औचक निरीक्षण की व्यवस्था की जाने, यात्री बसों में स्टाफ को निर्धारित ड्रेस कोड में ही बसों में कार्य करने के लिए निर्देश देने की मांग की. उन्होंने कहा कि बसों में किराया सूची चस्पा न होने की स्थिति में बस संचालकों द्वारा यात्रियों से अधिक किराया वसूला जा रहा है, जिसपर तत्काल रोक लगाई जाने एवं बसों में किराया सूची को चस्पा किये जाने की मांग की. इस मौके पर उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग की. इस मौके पर मोहन सिंह रघुवंशी परमसुख सेन, बबलू यादव, वीर सिंह रघुवंशी, प्रदीप प्रजापति, सीताराम रघुवंशी, सुनील पाठक, बालमुकुंद सुमन, प्रवेश सक्सेना, दीपक प्रजापति, रामप्रसाद, कालूराम, लालाराम आदि मौजूद रहे. जनसुनवाई में मंगलवार को शहरी एवं ग्रामीण अंचलों के बड़ी संख्या में लोगों ने भी अपनी मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन अधिकारियों को सौंपे. जिनमें निराकरण के संबंधित विभागों को निर्देश दिये गये.

### बसों में किराया सूची चस्पा ना होने से यात्री हो रहे परेशान

कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ जिला विदिशा के मोहन सिंह रघुवंशी ने बताया कि यात्री बसों में किराया सूची चस्पा ना होने के कारण यात्री परेशान हो रहे है. कई बार यात्रियों द्वारा बसों में मनमाना किराया वसूली की शिकायत की जाती है. वहीं बसों में किराया सूची चस्पा ना होने से यात्रियों एवं बस स्टाफ में कई बार विवाद की भी स्थिति बनती है. जिसको लेकर तत्काल बसों में किराया सूची लगवाई जावे. जिससे यात्रियों को बसों के किराये को लेकर जानकारी मिल सके. तथा बसों में बार-बार हो रहे विवाद एवं मनमाना किराया वसूली पर रोक लगाई जा सके.

♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
निःशुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

मोबाइल में बजता है
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो रेडियो
84 35 250 250
प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए

# 20 रुपये के प्रीमियम से मिला 2 लाख का क्लेम

**पीएमएसबीवाय योजना बनी अहिरवार परिवार के लिये संबल**

**नवभारत न्यूज**

**पठारी, जीवन की अनिश्चितताओं के बीच केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एक बार फिर जरूरतमंद परिवार के लिए वरदान साबित हुई है.ग्राम बड़ोह निवासी अहिरवार परिवार को इस योजना के तहत 2 लाख की बीमा राशि प्रदान की गई.**

जानकारी के अनुसार, श्रीमती प्रेम बाई अहिरवार का हाल ही में एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था. उन्होंने अपने बैंक खाते के माध्यम से मात्र 20 वार्षिक प्रीमियम वाली प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का लाभ ले रखा था.इसके चलते भारतीय स्टेट बैंक, पठारी शाखा द्वारा उनके नॉमिनी श्री कमलेश अहिरवार को 2 लाख की बीमा




राशि का भुगतान किया गया.इस अवसर पर शाखा प्रबंधक श्री अविनाश परिहार ने कहा कि लोग अक्सर 20 जैसी छोटी राशि को नजर अंदाज कर देते हैं, जबकि यही छोटी बचत संकट के समय परिवार के लिए बड़ा सहारा बन जाती है.उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस योजना से जुड़कर अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करें.बैंक की इस त्वरित और संवेदनशील कार्यवाही की क्षेत्र में सराहना की जा रही है.

# जिले के कंप्यूटर इंस्ट्रक्टरों ने अपनी मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा, मंगलवार को बासौदा तहसील में पदस्थ कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया. जिसमें कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर ने आउटसोर्स कर्मचारी में शामिल करने का विरोध किया.कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के द्वारा बताया गया कि जिले में करीब 194 युवाओं को कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है. लेकिन अब विभाग के द्वारा हम लोगों को आउटसोर्स कर्मचारी में शामिल किया जाएगा, जिससे हम लोगों का भविष्य खतरे में पढ़ सकता है. हम लोगों को आउटसोर्स कर्मचारी में तब्दील किया जाता है तो हम लोगों का भविष्य सुरक्षित होगा और कार्यकाल भी प्रभावित होगा. वर्तमान में हम लोग जिन शर्तों पर काम कर रहे हैं उन शर्तों में भी बदलाव होगा. उन्होंने बताया कि आउटसोर्स कर्मचारी का कार्यकाल भी काम होता है. इसलिए हमारी मांग है कि कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर को आउटसोर्स में परिवर्तित करने के निर्देश को निरस्त किया जाए.वही ज्ञापन में अन्य मांगे भी शामिल है.**

उन्होंने तर्क दिया कि आउटसोर्स कंपनियों में स्थिरता नहीं होती, जिससे उनकी नियमितता और कार्यकाल प्रभावित हो सकता है.वर्तमान में वे जिन शर्तों पर काम कर रहे हैं, वे पूरी तरह बदल जाएंगी.ज्ञापन में तीन मुख्य मांगें रखी गईः 14 नवंबर 2025 का आदेश 50/137 निरस्त किया जाए. कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर को आउटसोर्स व्यवस्था में शामिल न किया जाए और उनका 12 माह का कार्यकाल सुनिश्चित किया जाए.उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार के समग्र शिक्षा अभियान के तहत कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के लिए 12 माह के कार्यकाल का प्रावधान है.अतिथि शिक्षकों ने वर्तमान कार्यप्रणाली को यथावत रखते हुए समग्र शिक्षा अभियान की गाइडलाइन लागू करने का अनुरोध किया. ज्ञापन की प्रतियां संचालक लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र., कलेक्टर विदिशा और जिला शिक्षा अधिकारी विदिशा को भी भेजी गई हैं.अखिलेश दांगी, आकाश नामदेव ,राहुल राज ,सोनू मालवीय, विकास कुशवाहा, प्रियांशी चौहान ,सुमन, यशपाल राजपूत मौजूद थे.

**योजना**

**योजना में बनेगी दो पानी की टंकी व नवीन फिल्टर प्लांट, मुख्य बाजार में पाइप लाइन कार्य की जानकारी देने निकले जनप्रतिनिधि, अधिकारी**

# अमृत 2 .0 योजना अंतर्गत 18 करोड़ की लागत से हो रहे कार्य

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज, शहर में नगरपालिका द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत पेयजल की पाइप लाइन विस्तार का कार्य किया जा रहा है. जिसके तहत मुख्य बाजार में भी पेयजल की पाइप लाइन डाली जावेगी. जिसकी जानकारी देने के लिए मंगलवार को जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मुख्य बाजार में निकले. इस मौके पर उन्होंने व्यापारियों एवं लोगों को इस योजना की जानकारी देने के साथ ही पाइप लाइन विस्तार के कार्य में सहयोग करने तथा बाजार में से अतिक्रमणों को हटाने का आग्रह किया.**

शहर में अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत करीब 18 करोड़ की लागत से एक नवीन फिल्टर प्लांट का निर्माण, दो नवीन पानी की टंकी का निर्माण, पेयजल वितरण की पाइप लाईन विस्तार आदि कार्य प्रस्तावित है. नगरपालिका के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि शहर में अमृत 2.0 की योजना के अंतर्गत करीब 18 करोड़ की लागत से कार्य किया जाना प्रस्तावित है. जिसके तहत दो पानी की टंकी का निर्माण किया जाना है. जिसमें भोपाल रोड अस्पताल के सामने मां चांदला माता मंदिर क्षेत्र में करीब 23 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी तथा अलीगंज पहाड़ी पर करीब आठ लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी का कार्य किया जाना प्रस्तावित है. जिसमें से भोपाल रोड अस्पताल के सामने मां चांदला माता मंदिर के पास पानी की टंकी निर्माणाधीन है. वहीं योजना के अंतर्गत करीब 5.25 एमएलडी क्षमता का एक नवीन फिल्टर प्लांट प्रस्तावित है.




### मुख्य बाजार में होगा पाइप लाइन विस्तार का कार्य

जानकारी के अनुसार योजना में मुख्य बाजार में भी पाइपलाइन का डालने का कार्य किया जावेगा. जिससे लोगों को पानी के प्रेशर की समस्या से निजात मिल सके. जानकारी के अनुसार पूर्व की पाइप लाइन से कनेक्शन होने से पानी की टंकी देर में भरती है. वहीं अब नवीन पाइप लाइन से पानी की टंकी का जोड़ दिये जाने के बाद पानी के प्रेशर की भी समस्या कम होगी साथ यह पानी की टंकी भी जल्द भर सकेगी. जिसके तहत शहर के मुख्य बाजार में भी पाइप लाइन डालने का कार्य किया जाना है. जिसकी जानकारी देने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा, नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू मंगलवार को बाजार में निकले. इस दौरान उन्होंने शहर के लोगों एवं व्यापारियों को योजना के बारे में जानकारी दी. साथ ही मुख्य बाजार में होने वाले पाइपलाइन विस्तार के कार्य के बारे में बताया. उन्होंने व्यापारियों से इस कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया. साथ ही उन्होंने लोगों से अतिक्रमण को हटाने का भी आग्रह किया.

### शहर में डाली जाएगी 73 किमी पेयजल वितरण लाइन

नपा के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि योजना के अंतर्गत शहर में 73 किमी की पेयजल वितरण लाइन स्वीकृत है. जिसमें से शहर में करीब 19 किमी की पेयजल वितरण लाइन डाली जा चुकी है. वही योजना के अंतर्गत शहर में 2 हजार 500 नवीन नल कनेक्शन दिये जाना प्रस्तावित है. उन्होंने बताया कि पेयजल की नवीन पाइप लाइन डालने के साथ ही शहर के लोगों को नवीन नल कनेक्शन भी दिये जा रहे हैं. वही पुराने नल कनेक्शन को भी इस पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य किया जावेगा. इसके साथ ही शहर में फिल्टर प्लांट से नवीन पानी की टंकी तक क्लियर वॉटर लाइन डालने का कार्य भी किया जावेगा. वही हाई स्कूल की टंकी को भी आगामी समय में इस पाइप लाइन से जोड़ा जावेगा.

### दुकानों में पानी भरने की समस्या से भी मिलेगी निजात

मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने बताया कि शहर के मुख्य बाजार में पाइप लाइन डालने का कार्य जल्द ही शुरू किया जावेगा. जिससे पानी के प्रेशर की समस्या का निराकरण हो सकेगा. वही इस कार्य के उपरांत जामा मस्जिद से ढाल बाजार तक मुख्य बाजार के रोड को खोदकर भी बनाये जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है. व्यापारियों द्वारा इस क्षेत्र में तेज बारिश के दौरान निचले क्षेत्र की दुकानों में पानी भरने की समस्या की जानकारी देकर पूर्व में कई बार इस सड़क को खोदकर निर्माण किए जाने की मांग की जाती रही है. उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य बाजार में पाइप लाइन डालने के उपरांत जामा मस्जिद से ढाल बाजार तक की सड़क को खोदकर निर्माण किए जाने की योजना पर भी कार्य किया जा रहा है. जिससे व्यापारियों की इस समस्या का निराकरण हो सके. वहीं मुख्य बाजार में पाइपलाइन डालने के दौरान 10-10 मीटर के हिस्से में पाइप लाइन डालने का कार्य किया किए जाने की योजना है. जिससे व्यापारियों को असुविधा ना हो. वही जल्द ही व्यापारियों के साथ भी बैठक कर योजना बनाई जावेगी.

### इनका कहना है

वही इस संबंध में श्री वस्त्र व्यापार संघ सिरोंज के अध्यक्ष अर्पित मित्तल ने मांग की है कि नगरपालिका मुख्य बाजार में पाइप लाइन डालने का कार्य संक्रांति एवं सीजन से पहले पूर्ण किया जावे. जिससे सीजन में व्यापारियों को परेशानी का सामना न करना पड़े.




# पाठशाला से सीख रहे फसल बीमा की महत्ता का पाठ

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में फसल बीमा पाठशाला सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड विदिशा के ग्राम करैया हवेली में फसल बीमा पाठशाला का आयोजन किया गया.एसबीआई जनरल से विदिशा तहसील समन्वयक देवेंद्र ठाकुर एवं अज़ीम खान द्वारा फसल बीमा सप्ताह जो कि 1-7 दिसम्बर तक चला. शिविर के माध्यम से फसल बीमा पाठशाला में विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई.बीमा योजना के उद्देश्य, लाभ, पंजीयन प्रक्रिया, दावा प्रकरण एवं जोखिम प्रबंधन जैसे विषयों पर कृषकों को विस्तार से समझाया गया. साथ ही किसानों को समय पर बीमा कराने एवं प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले संभावित नुकसान से बचाव हेतु आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया.सभा में दक्षेश रघुवंशी कृषि विस्तार अधिकारी, अमर सिंह(कृषि मित्र उपस्थित रहे.